# Daily Current Affairs

Date : 11 September, 2025

UTKARSH CLASSES | CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका


| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | राजस्थान भू-जल (संरक्षण और प्रबंध) प्राधिकरण विधेयक, 2024 |
| 2. | राजस्थान भू राजस्व (संशोधन और विधिमान्यकरण) विधेयक, 2025 |
| 3. | इंडिया टुडे रैंकिंग 2025 में राजस्थान के प्रमुख संस्थान |
| 4. | राजस्थान में जल निकायों की स्थिति |
| 5. | विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर राज्यस्तरीय कार्यशाला |
| 6. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. विभिन्न परियोजनाओं हेतु RIICO और NBCC के मध्य MoU<br>2. डॉ. अरविंद गुप्ता<br>3. जोधपुर जिला क्रिकेट संघ की ग्रेड-पे योजना<br>4. हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड और राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के मध्य MoU<br>5. अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक का राष्ट्रीय अधिवेशन |
| 7. | पहला विदेशी अटल इनोवेशन सेंटर : संयुक्त अरब अमीरात |
| 8. | वेम्बनाड झील |
| 9. | केंद्र ने ग्रेट निकोबार द्वीप परियोजना (GNIP) में आदिवासी अधिकारों को लेकर उठ रही चिंताओं पर रिपोर्ट मांगी |
| 10. | यूनिसेफ की 'बाल पोषण (Child Nutrition) रिपोर्ट, 2025' |
| 11. | पासेक्स (PASSEX) एक्सरसाइज, 2025 |
| 12. | 'आदि संस्कृति' प्लेटफॉर्म |
| 13. | डॉ. भूपेन हजारिका पर 100 रु. का स्मारक सिक्का |
| 14. | गोविंद बल्लभ पंत (10 सितंबर, 1887 - 7 मार्च, 1961) |
| 15. | CAFA नेशंस फुटबॉल कप, 2025 |
| 16. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. फ्रांस के नए प्रधानमंत्री : सेबास्टियन लेकोर्नू<br>2. अभिमन्यु मिश्रा : शतरंज |





UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## राजस्थान भू-जल (संरक्षण और प्रबंध) प्राधिकरण विधेयक, 2024

### चर्चा में क्यों?

- 10 सितम्बर, 2025 को 'राजस्थान भू-जल (संरक्षण और प्रबंध) प्राधिकरण विधेयक, 2024' विधानसभा में ध्वनिमत से पारित हुआ।

### मुख्य बिन्दु:

- विधेयक के अनुसार बिना अनुमति के नई भू-जल निकासी संरचना के निर्माण, प्राधिकरण की शर्तों के उल्लंघन, भू-जल की गुणवत्ता को विदोहित, बिना अनुमति निकासी के लिए ड्रिल करने, जल अवसंरचनाओं को क्षति पहुंचाने जैसे कृत्यों के लिए प्राधिकरण कार्यवाही कर सकेगा।
- विधेयक के अनुसार, कोई भी निकाय या व्यक्ति अप्राधिकृत कार्यों के उल्लंघन का दोषी पाया जाता है तो प्राधिकरण शास्ति (जुर्माना) लगा सकेगा।
- अधिनियम के अधीन जारी निर्देश या आदेश की अनुपालना नहीं करने पर न्यायालय द्वारा कार्यवाही की जाएगी। इसमें प्रथम अपराध पर ₹50,000 तक का जुर्माना लगेगा। इसके बाद पुनः दोषसिद्धि पर 6 माह तक का कारावास या ₹1,00,000 तक का जुर्माना या दोनों कार्रवाई की जाएगी।

### प्राधिकरण की संरचना :

- राजस्थान में भू-जल स्तर बनाये रखने व बढ़ोतरी करने, भू-जल के पुनर्भरण, जल के उचित उपयोग एवं जल संसाधनों के संरक्षण एवं प्रबंधन के लिए राज्य प्राधिकरण का गठन किया जाएगा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- राज्य भू-जल प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं सदस्यों का चयन तकनीकी दक्षता के आधार पर होगा। आमजन के हितों की प्राथमिकता के लिए दो विधायक प्राधिकरण के सदस्य होंगे।
- इसके अलावा पदेन सदस्यों तथा विधानसभा के सदस्यों से भिन्न सदस्य योग्य व प्रतिष्ठित व्यक्ति होंगे। उनके पास विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी या भू-जल संसाधनों से सम्बंधित विज्ञान, प्रौद्योगिकी या अभियांत्रिकी मामलों सहित जल संसाधनों के प्रबंध से निपटने में न्यूनतम 20 वर्ष का अनुभव होगा।
- प्राधिकरण राज्य के किसी भी क्षेत्र के लिए जल की मांग और प्रदाय के समस्त पहलुओं पर सुझाव दे सकेगा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान भू राजस्व (संशोधन और विधिमान्यकरण) विधेयक, 2025

## चर्चा में क्यों?

- 10 सितम्बर, 2025 को विधानसभा में राजस्थान भू राजस्व (संशोधन और विधिमान्यकरण) विधेयक, 2025 पारित किया गया।

## मुख्य बिन्दु:

- **संशोधन :** इस विधेयक के माध्यम से 'राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956' को संशोधित किया गया है।
- **उद्देश्य :** संशोधन विधेयक के माध्यम से राजस्थान स्टेट इण्डस्ट्रियल डवलपमेन्ट एण्ड इन्वेस्टमेन्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (RIICO) के अधीन भू-खंडों के प्रबंधन के साथ-साथ उनके विनिमयन, भू-रूपांतरण आदि प्रक्रियाओं में सहजता आएगी।
- **प्रभावी :** संशोधन विधेयक के प्रावधान 18.09.1979 को या उससे पहले औद्योगिक उद्देश्यों के लिए आवंटित किसी भी भूमि पर लागू नहीं होंगे, जिसका पट्टा राज्य सरकार या रीको द्वारा विधेयक पारित होने की तारीख को या उससे पहले निरस्त कर दिया गया हो।

**फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:**

**राजस्थान स्टेट इण्डस्ट्रियल डवलपमेन्ट एण्ड इन्वेस्टमेन्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (RIICO)**

- RIICO एक सरकारी उपक्रम है, जिसकी स्थापना 28 मार्च, 1969 को कंपनी अधिनियम, 1956 के तहत राजस्थान राज्य औद्योगिक और खनिज विकास निगम (RSIMDC) के रूप में की गई थी।
- 1 जनवरी, 1980 को इसे दो अलग-अलग इकाइयों में विभाजित कर दिया गया:


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

1. **RIICO – राजस्थान स्टेट इण्डस्ट्रियल डवलपमेन्ट एण्ड इन्वेस्टमेन्ट कॉरपोरेशन लिमिटेड।**

2. **RSMDC – राजस्थान राज्य खनिज विकास निगम।**

**मुख्य कार्य:**

- **RIICO ने राजस्थान में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है।**
- **यह राज्य के विभिन्न हिस्सों में औद्योगिक क्षेत्र (Industrial Areas) का विकास करता है।**
- **एक वित्तीय संस्था के रूप में यह छोटे, मध्यम और बड़े उद्योगों को ऋण उपलब्ध कराता है।**
- **उद्योगों को वित्तीय सहायता, तकनीकी मार्गदर्शन और बुनियादी ढाँचे के विकास में सहयोग प्रदान करता है।**
- **वर्ष 2021-22 में, RIICO को COSIDICI द्वारा देश की सबसे श्रेष्ठ SIIDC (राज्य औद्योगिक विकास निगम) के रूप में सम्मानित किया गया।**
- **राज्य भर में 33 क्षेत्रीय कार्यालय स्थापित किए गए हैं, जो औद्योगिक क्षेत्रों के कुशल संचालन और प्रबंधन को सुनिश्चित करते हैं।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## इंडिया टुडे रैंकिंग 2025 में राजस्थान के प्रमुख संस्थान

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, इंडिया टुडे द्वारा भारत में वर्ष 2025 के बेस्ट कॉलेज और यूनिवर्सिटी की रैंकिंग जारी की गई।






उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## मुख्य बिन्दु:

- ### राजस्थान के प्रमुख संस्थानों की रैंकिंग:

| श्रेणी | रैंक | संस्थान का नाम |
|---|---|---|
| भारत में शीर्ष इंजीनियरिंग (सरकारी) कॉलेज | 1st | मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जयपुर |
| भारत में शीर्ष इंजीनियरिंग (प्राइवेट) कॉलेज | 1st | बिरला प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान, पिलानी (BITS पिलानी) |
| भारत में शीर्ष फैशन डिजाइन कॉलेज | 9th | राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (NIFT), जोधपुर |
| भारत में शीर्ष प्राइवेट विश्वविद्यालय | 12th | मणिपाल यूनिवर्सिटी, जयपुर |
| भारत में शीर्ष तकनीकी विश्वविद्यालय | 10th | बिरला प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान, पिलानी (BITS पिलानी) |
| भारत में शीर्ष चिकित्सा विश्वविद्यालय | 5th | अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS), जोधपुर |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान में जल निकायों की स्थिति

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय द्वारा देश में जल निकायों की गणना करवाई गई।

## मुख्य बिन्दु:

- आंकड़ों के अनुसार, राजस्थान में कुल 16,939 जल निकाय है, जिसमें से 16,750 यानी 98.88 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों में है।
- शहरी क्षेत्रों में केवल 189 जल निकाय है। शहरों में अधिकांश बावड़ियाँ हैं।
- राजस्थान में 5,766 वाटर बॉडी से किसान सिंचाई कार्य कर रहे हैं जबकि 2,511 जल स्रोतों को घरेलू पानी के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है।
- राज्य में 2406 जल स्रोतों में भूजल पुनर्भरण किया जा रहा है।
- **सर्वाधिक जल स्रोत :** अजमेर (3519)
- **सबसे कम जल स्रोत :** अलवर (2)
- देश में सबसे ज्यादा वाटर बॉडी पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश में हैं।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर राज्यस्तरीय कार्यशाला

## चर्चा में क्यों?

- विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस (10 सितम्बर) के अवसर पर सवाई मान सिंह मेडिकल कॉलेज, जयपुर में 'राज्य स्तरीय कार्यशाला' का आयोजन किया गया।




## मुख्य बिन्दु:

- आत्महत्या की बढ़ती घटनाओं की रोकथाम के लिये राजस्थान में 'गेटकीपर कार्यक्रम' संचालित किया जाएगा।
- इस कार्यक्रम के तहत हताश, निराश और आत्महत्या की सोच रखने वालों को गेटकीपर के रूप में आसानी से प्रभावी मोटिवेटर उपलब्ध होंगे।

### फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:

- **प्रथम विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस :** 10 सितम्बर, 2003 को स्टॉकहोम में।
- **वर्ष 2025 की विषयवस्तु :** चैन्ज द नेरेटिव।




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# ✂️ न्यूज़ इन शॉर्ट्स ⚡

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **विभिन्न परियोजनाओं हेतु RIICO और NBCC के मध्य MoU**<br>▪ 11 सितंबर, 2025 को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की उपस्थिति में नेशनल बिल्डिंग कन्स्ट्रक्शन कंपनी (NBCC) और राजस्थान स्टेट इंडस्ट्रियल डवलपमेंट एंड इन्वेस्टमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (RIICO) के मध्य राजस्थान मण्डपम एवं एलाइड परियोजनाओं के निर्माण के संबंध में समझौता ज्ञापन (MoU) का आदान-प्रदान किया गया।<br>▪ समझौते के तहत जयपुर में राजस्थान मण्डपम, ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर, आईटी टावर के निर्माण के साथ ही, 5-स्टार होटल, 4-स्टार होटल, आवासीय एवं वाणिज्यिक टावरों का विकास किया जाएगा।<br>▪ **राजस्थान मंडपम :** नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम की तर्ज पर जयपुर में प्रस्तावित राजस्थान मण्डपम मल्टीनेशनल कंपनियों एवं कॉर्पोरेट जगत में सम्मेलन, सेमिनार एवं प्रदर्शनियों के आयोजन के लिए बेस्ट डेस्टिनेशन होगा। |
| 2. | **डॉ. अरविंद गुप्ता**<br>▪ राजस्थान हॉस्पिटल जयपुर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अरविंद गुप्ता को हाल ही में 'रिसर्च सोसायटी फॉर द स्टडी ऑफ डायबिटीज इन इंडिया' (RSSDI) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य के रूप में निर्वाचित किया गया।<br>▪ डॉ. गुप्ता को अमेरिकन कॉलेज ऑफ एंडोक्रिनोलॉजी, अमेरिकन कॉलेज ऑफ फिजिशियन और रॉयल कॉलेज ऑफ फिजिशियन से फैलोशिप मिल चुकी है। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 3. | **जोधपुर जिला क्रिकेट संघ की ग्रेड-पे योजना**<br>■ हाल ही में, जोधपुर जिला क्रिकेट संघ ने क्रिकेटर्स को भुगतान करने हेतु BCCI की तरह ग्रेड-पे सिस्टम लागू करने की घोषणा की।<br>■ जोधपुर यह सिस्टम लागू करने वाला देश का पहला जिला है। |
| 4. | **हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड और राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के मध्य MoU**<br>■ हाल ही में, हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड और राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के बीच प्रदेश में धरोहर संरक्षण के लिए एक समझौते ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए गए।<br>■ आगामी 3 वर्षों की अवधि के लिए हस्ताक्षरित इस MoU के तहत डीग स्थित पूंछरी का लौठा में हेरिटेज कॉरिडोर के विकास में CSR पहल के माध्यम से हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड द्वारा ₹85 करोड़ की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।<br>■ राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष : ओंकार सिंह लखावत। |
| 5. | **अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक का राष्ट्रीय अधिवेशन**<br>■ हाल ही में, जयपुर के बिडला सभागार में सहकार भारती और सहकारिता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 'अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक के राष्ट्रीय अधिवेशन' का आयोजन किया गया।<br>■ वर्ष 2025 को यूएन इंटरनेशनल ईयर ऑफ कोऑपरेटिव्स (संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष) के रूप में मनाया जा रहा है।<br>■ भारत सरकार द्वारा "सहकार-से-समृद्धि" के विजन को साकार करने, देश में सहकारी आंदोलन को मजबूत करने, जमीनी स्तर तक इसकी पहुंच बढ़ाने और सहकारी समितियों को सफल और जीवंत व्यावसायिक उद्यमों में बदलने के लिए 06 जुलाई, 2021 को एक नया सहकारिता मंत्रालय बनाया गया। भारत के प्रथम और वर्तमान सहकारिता मंत्री अमित शाह है। |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## पहला विदेशी अटल इनोवेशन सेंटर : संयुक्त अरब अमीरात

### चर्चा में क्यों?

- **उद्घाटन :** केंद्रीय शिक्षा मंत्री द्वारा अपनी दो दिवसीय संयुक्त अरब अमीरात की आधिकारिक यात्रा के दौरान IIT दिल्ली-अबू धाबी परिसर में भारत के पहले विदेशी अटल नवाचार केंद्र का उद्घाटन किया।



### मुख्य बिन्दु:

- **आधिकारिक यात्रा :** 10 से 11 सितंबर, 2025 तक आधिकारिक यात्रा का उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग, शैक्षणिक उत्कृष्टता और नवाचार को बढ़ावा देना हैं।
- इस केंद्र की स्थापना अटल इनोवेशन मिशन (AIM) के अंतर्गत की गई हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :

### अटल इनोवेशन मिशन (AIM) :

- **शुरुआत :** वर्ष 2016, नीति आयोग द्वारा।
- **उद्देश्य :** विभिन्न हितधारकों के लिये मंच एवं सहयोग के अवसर प्रदान करना, अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार को बढ़ावा देना, नवप्रवर्तकों के मध्य नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देना आदि।
- **अवधि :** हाल ही में, भारत सरकार ने मिशन की अवधि बढ़ाकर 31 मार्च, 2028 तक कर दी गई।
- **अटल इनक्यूबेशन सेंटर :** देश के युवा नवप्रवर्तकों के बीच नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालयों, संस्थानों और कॉरपोरेट्स में AIM द्वारा स्थापित बिजनेस इनक्यूबेटर हैं।
- **अटल टिंकरिंग लैब (ATL) :** AIM ने अटल टिंकरिंग लैब (ATL) कार्यक्रम, स्कूलों में शुरू किया है। इसका उद्देश्य देश भर के छठी से बारहवीं कक्षा के बच्चों में जिज्ञासा और नवाचार को बढ़ावा देना है। यह कार्यक्रम 21वीं सदी के उपकरणों और तकनीकों, जैसे; इंटरनेट ऑफ थिंग्स, 3डी प्रिंटिंग, रैपिड प्रोटोटाइपिंग टूल्स, रोबोटिक्स, मिनिएचराइज्ड इलेक्ट्रॉनिक्स, डू-इट-योरसेल्फ किट आदि के माध्यम से किया जाएगा।
- **Note:** ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में भारत का स्थान; 39 वां।
- **Note:** भारत विश्व के तीसरा सबसे बड़ा स्टार्ट-अप इकोसिस्टम है।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

## वेम्बनाड झील

### चर्चा में क्यों?

- अनियंत्रित पर्यटन, लक्जरी हाउसबोट और अतिक्रमण वेम्बनाड झील के अस्तित्व के लिए खतरा बन रहे हैं।





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## मुख्य बिन्दु:

### वेम्बनाड झील के बारे में

- यह भारत की सबसे लंबी झील और सबसे बड़ा उष्णकटिबंधीय आर्द्रभूमि पारिस्थितिकी तंत्र है।
- यह एक रामसर आर्द्रभूमि स्थल है।
- इसे 10 नदियों से जल प्राप्त होता है। इसमें थान्नेरमुक्कोम खारा जल अवरोधक भी है जो भारत का सबसे बड़ा पंक नियंत्रक (मड रेगुलेटर) है। यह खेती के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।
- यह झील अलाप्पुझा, कोट्टायम और एर्नाकुलम जिलों में लगभग 96.5 किमी तक फैली हुई है।
- इसे कोच्चि झील या पुनमदा झील के नाम से भी जाना जाता है।
- यह झील हाउसबोट (केट्टुवल्लम) और नेहरू ट्रॉफी बोट रेस के लिए प्रसिद्ध है। यह पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र है।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण योजनाएँ

## केंद्र ने ग्रेट निकोबार द्वीप परियोजना (GNIP) में आदिवासी अधिकारों को लेकर उठ रही चिंताओं पर रिपोर्ट मांगी

### चर्चा में क्यों?

- भारत सरकार ने ग्रेट निकोबार द्वीप परियोजना (GNIP) के तहत आदिवासी अधिकारों से संबंधित चिंताओं पर एक रिपोर्ट मांगी है। ये चिंताएं विशेष रूप से आदिवासी परिषद द्वारा उठाई गई हैं।





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## मुख्य बिन्दु:

### ग्रेट निकोबार द्वीप परियोजना (GNIP):

#### अनुमोदन:

- इस परियोजना को 2022 में द्वीपों के समग्र विकास कार्यक्रम (HDIP) के तहत सैद्धांतिक वन स्वीकृति और पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त हुई थी।

#### नोडल एजेंसी:

- इस परियोजना का नेतृत्व नीति आयोग कर रहा है और इसे अंडमान व निकोबार द्वीपसमूह एकीकृत विकास निगम (ANIIDCO) के माध्यम से लागू किया जा रहा है।

#### क्षेत्रफल:

- परियोजना के लिए 130.75 वर्ग किलोमीटर वन भूमि को लिया गया है, जिसमें से 50% क्षेत्र हरित विकास के लिए सुरक्षित किया गया है, जहां पेड़ नहीं काटे जाएंगे।

#### अवसंरचना परियोजनाएं:

- इस परियोजना में निम्नलिखित अवसंरचनाओं का विकास शामिल है:
- गैलेथिया बे में अंतर्राष्ट्रीय कंटेनर ट्रांसशिपमेंट टर्मिनल (ICTT)
- एक ग्रीनफील्ड अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा
- एक टाउनशिप
- 450 MVA क्षमता वाला गैस और सौर ऊर्जा आधारित बिजली संयंत्र

### GNIP से संबंधित प्रमुख मुद्दे:

#### जनजातीय अधिकार:

- ग्रेट निकोबार द्वीप शोम्पेन और निकोबारी आदिवासियों का अधिवास स्थल है, जिनमें विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (PVTG) शामिल हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### जैव विविधता:

- गैलेथिया बे एक महत्वपूर्ण जैव विविधता स्थल है, जहाँ संकटग्रस्त लेदरबैक कछुए और निकोबार मेगापोड के नेस्टिंग स्थल स्थित हैं। ये दोनों वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की अनुसूची-I में सूचीबद्ध हैं।

## वन अधिकार अधिनियम, 2006:

### उद्देश्य:

- इस अधिनियम का उद्देश्य वनों में रहने वाले समुदायों के साथ हुए ऐतिहासिक अन्याय को समाप्त करना, उनकी आजीविका और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

### मुख्य विशेषताएँ:

- वन अधिकारों को व्यक्तिगत और सामुदायिक अधिकार दोनों रूपों में मान्यता दी गई है।
- विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (PVTGs) को उनके परंपरागत क्षेत्रों में निवास और आजीविका का सामुदायिक अधिकार दिया गया है। इसमें न केवल रहने का स्थान, बल्कि सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, धार्मिक और अन्य उपयोग भी शामिल हैं।
- वन अधिकार समिति (जिला स्तरीय समिति) यह सुनिश्चित करेगी कि दावों का सत्यापन और समाधान किया जाए।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण सूचकांक एवं रिपोर्ट

## यूनिसेफ की 'बाल पोषण (Child Nutrition) रिपोर्ट, 2025'

### चर्चा में क्यों?

- यह रिपोर्ट दर्शाती है कि पूरे विश्व में बाल्यावस्था के दौरान अस्वास्थ्यकर आहार और मोटापे की समस्या तेजी से बढ़ रही है।

### मुख्य बिन्दु:

- 5 वर्ष से कम आयु के 5% बच्चे तथा 5-19 वर्ष आयु के 20% बच्चे और किशोर मोटापे से ग्रस्त हो रहे हैं। ये आंकड़े वर्ष 2000 के बाद से दोगुने हो गए हैं।
- 2025 में, स्कूल जाने वाले बच्चों और किशोरों में मोटापे की व्यापकता 9.4% है, जबकि कम वजन की व्यापकता 9.2% है।
- दक्षिण एशिया में वर्ष 2000 के बाद से 5-19 वर्ष की आयु वर्ग में अधिक वजन या मोटापे की व्यापकता वर्ष 2022 तक लगभग पांच गुना बढ़ गई है।

**जिम्मेदार कारक -**

- अल्ट्रा प्रोसेस्ड फ़ूड की उपलब्धता और सस्ती कीमत, आकर्षक और अविनियमित मार्केटिंग, नीतिगत खामियां इत्यादि।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# सैन्य अभ्यास

## पासेक्स (PASSEX) एक्सरसाइज, 2025

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, भारतीय नौसेना और यूनाइटेड किंगडम द्वारा समुद्री सहयोग और परिचालन अंतर-संचालन को बढ़ाने के लिए पासेक्स (PASSEX) एक्सरसाइज, 2025 नामक एक संयुक्त नौसैनिक अभ्यास का आयोजन गया।




### मुख्य बिन्दु:

- **आयोजन :** उत्तरी अरब सागर में।
- **गतिविधियाँ :** दोनों नौसेनाओं ने संचार अभ्यास, समुद्री युद्धाभ्यास, हवाई अभियान, विमान ट्रैकिंग और कर्मियों के अनुभव आदान-प्रदान जैसी गतिविधियां कीं।
- अभ्यास का एक अहम हिस्सा क्रॉस डेक लैंडिंग ऑपरेशन भी रहा हैं।
- **भारतीय नौसेना :** स्टील्थ फ्रिगेट आईएनएस तबर, एक पनडुब्बी और लंबी दूरी का समुद्री गश्ती विमान पी-8आई।
- **ब्रिटेन की नौसेना :** एचएमएस प्रिंस ऑफ वेल्स और एचएमएस रिचमंड।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण पोर्टल एवं एप

## 'आदि संस्कृति' प्लेटफॉर्म

### चर्चा में क्यों?

- **जनजातीय कार्य मंत्रालय ने आदिवासी कला और संस्कृति के संरक्षण के लिए 'आदि संस्कृति' नामक एक डिजिटल प्लेटफॉर्म लॉन्च किया है।**




### मुख्य बिन्दु:

- **आदि संस्कृति को विश्व का पहला डिजिटल विश्वविद्यालय बनाने की दिशा में विकसित किया जा रहा है।**
- **शुभारंभ : 10 सितंबर, 2025 को भारत मंडपम, नई दिल्ली में आदि कर्मयोगी अभियान पर राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान आदिवासी कलारूपों के लिए एक अग्रणी डिजिटल शिक्षण मंच 'आदि संस्कृति' के बीटा संस्करण का अनावरण किया।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **नाम :** 'आदि संस्कृति'।
- **उद्देश्य :** जनजातीय समुदायों की संस्कृति और पारंपरिक ज्ञान का संरक्षण और प्रसार करना साथ ही वैश्विक स्तर परजनजातीय शिल्पकारों द्वारा बनाए गए उत्पादों की बिक्री के लिए ऑनलाइन मार्केटप्लेस प्रदान करना।

**विशेषताएँ :**

- आदि संस्कृति एक डिजिटल अकादमी और ई-लर्निंग प्लेटफ़ॉर्म है यह प्लेटफॉर्म आदिवासी समुदायों को शिक्षा, संस्कृति के संरक्षण और आर्थिक सशक्तिकरण का अवसर प्रदान करेगा।
- यह सांस्कृतिक संरक्षण और आजीविका सृजन के नए अवसर पैदा करेगा।

**डिजिटल प्लेटफॉर्म शामिल :**

- **आदि विश्वविद्यालय (डिजिटल आदिवासी कला अकादमी) :** वर्तमान में आदिवासी नृत्य, चित्रकला, शिल्प, संगीत और लोककथाओं पर 45 गहन पाठ्यक्रम प्रदान कर रहा है।
- **आदि संपदा (सामाजिक-सांस्कृतिक संग्रह) :** पांच विषयों पर 5,000 से अधिक संकलित दस्तावेजों का संग्रह, जिसमें चित्रकला, नृत्य, वस्त्र और वस्त्र, कलाकृतियाँ और आजीविका शामिल हैं।
- **आदि हाट (ऑनलाइन बाजार) :** वर्तमान में ट्राइफेड से जुड़ा हुआ, यह आदिवासी कारीगरों के लिए एक समर्पित ऑनलाइन बाजार के रूप में विकसित होगा।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :**

- **विश्व आदिवासी दिवस :** प्रतिवर्ष 9 अगस्त।
- **वर्ष 2025 की थीम:** इंडिजिनस पीपल्स एंड एआई: डिफेंडिंग राइट्स, शेपिंग फ्यूचर्स।
- **इक्वेटर पुरस्कार, 2025 :** संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) ने इक्वेटर पुरस्कार 2025 के लिये चुने गए दस स्वदेशी नेतृत्व वाले, समुदाय-आधारित संगठनों में से एक, भारत की बीबी फातिमा स्व सहायता संघ हैं जो बहु-फसल, बीज बैंकों और सौर ऊर्जा प्रसंस्करण के माध्यम से गाँव के किसानों का समर्थन करती हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (PM JANMAN) :** 15 नवंबर, 2023 (जनजातीय गौरव दिवस) पर शुरू किया गया।
- **आदि वाणी :** आदि वाणी एक कृत्रिम बुद्धि (AI) आधारित अनुवाद उपकरण है जो आदिवासी भाषाओं हेतु भाषा मॉडल की नींव रखता है।
- **विकास :** IIT दिल्ली के नेतृत्व में बिट्स पिलानी, IIT हैदराबाद, IIT नवा रायपुर और पाँच राज्यों के जनजातीय शोध संस्थान (TRIs) की भागीदारी से विकसित किया गया हैं।

**बीटा चरण में शामिल भाषाएं : चार प्रमुख जनजातीय भाषाए-**





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# व्यक्तित्व

## डॉ. भूपेन हजारिका पर 100 रु. का स्मारक सिक्का

### चर्चा में क्यों?

- 13 सितम्बर, 2025 को भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा गायक और भारत रत्न डॉ. भूपेन हजारिका की जन्म शताब्दी पर₹100 का स्मारक सिक्का जारी किया जाएगा।




### मुख्य बिन्दु:

- **अनावरण :** प्रधानमंत्री द्वारा गुवाहाटी (असम) में किया जाएगा।
- **वर्षभर चलने वाले समारोह की अवधि :** 8 सितंबर 2025 से 8 सितंबर 2026 तक।
- जालुकबाड़ी स्थित भूपेन हजारिका स्मारक स्थल का नाम परिवर्तित कर भूपेन हजारिका समन्वय तीर्थ रखा जाएगा

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :**

**भूपेन हजारिका (8 सितंबर,1926 से 2011) : असम**

- **उपाधि :** "लोकगीत का शहंशाह"।
- **व्यवसाय :** गायक, संगीतकार, कवि, फिल्म निर्माता, सामाजिक दार्शनिक
- **सम्मान :** मरणोपरांत भारत रत्न (वर्ष 2019)




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# गोविंद बल्लभ पंत (10 सितंबर, 1887 - 7 मार्च, 1961)

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में भारतीय स्वतंत्रता सेनानी श्री गोविंद बल्लभ पंत की जयंती मनाई गई।




## मुख्य बिन्दु:

- **जन्म:** उत्तराखंड के अल्मोड़ा में हुआ था।
- उन्होंने वर्ष 1916 में कुमाऊं परिषद की स्थापना की।
- वर्ष 1923 में स्वराज पार्टी के टिकट पर संयुक्त प्रांत विधान परिषद के लिए चुने गए।

### प्रमुख योगदान

- उन्होंने नमक मार्च और भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लिया। 1930 में सविनय अवज्ञा आंदोलन की योजना बनाने की वजह से गिरफ्तार किए गए।
- गोविंद बल्लभ पंत उत्तर प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री थे।
- **राज्यों का भाषाई पुनर्गठन:** 1955 से 1961 तक भारत के गृह मंत्री के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान राज्यों का भाषा के आधार पर पुनर्गठन किया गया।
- **सम्मान:** 1957 में भारत रत्न से सम्मानित।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# खेल

## CAFA नेशंस फुटबॉल कप, 2025

### चर्चा में क्यों?

- 8 सितंबर, 2025 को ताजिकिस्तान में आयोजित CAFA (सेंट्रल एशियन फुटबॉल एसोसिएशन) नेशंस कप, 2025 में भारत ने ओमान को पेनल्टी शूटआउट में 3-2 से हराकर तीसरा स्थान हासिल कर कांस्य पदक जीता।




### मुख्य बिन्दु:

- **आयोजन :** 29 अगस्त, 2025 से 8 सितंबर, 2025 तक ताजिकिस्तान के हिसोर सेंट्रल स्टेडियम में आयोजित किया गया।
- **मेजबान देश :** ताजिकिस्तान।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### ऐतिहासिक विजय और महत्व :

- अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में ओमान पर भारत की पहली अंतरराष्ट्रीय जीत है।
- भारत (फीफा रैंकिंग में 133वें स्थान पर) की 54 पायदान ऊपर ओमान (79वें स्थान पर) खिलाफ मनोबल बढ़ाने वाली जीत हैं।
- CAFA नेशंस कप में भारत का पहला पदक।
- एशियाई मंच पर भारतीय फुटबॉल का विकास।
- रैंकिंग में ओमान 79वें और भारत 133वें स्थान पर है।

### प्रमुख खिलाड़ी और प्रदर्शन :

| खिलाड़ी | प्रदर्शन |
|---|---|
| उदंत सिंह | निर्धारित समय में भारत का एकमात्र गोल किया। |
| गुरप्रीत सिंह संधू | पेनल्टी शूटआउट में महत्वपूर्ण भूमिका। |

### परिणाम :

- **भारत :** भारत ने बेहतर रैंकिंग वाली टीम ओमान को पेनल्टी शूटआउट में 3-2 से
- **फ़ाइनल :** सह-मेजबान उज़्बेकिस्तान ने 1-0 से गत विजेता आईआर ईरान को हराया।

### व्यक्तिगत पुरस्कार :

| | |
|---|---|
| सबसे मूल्यवान खिलाड़ी | खोजियाकबर अलीजोनोव (उज्बेकिस्तान) |
| शीर्ष गोलस्कोरर | इगोर सर्गेव (उज्बेकिस्तान), इस्साम अब्दुल्ला अल सबी (ओमान) |
| शीर्ष गोलकीपर | पायम नियाज़मंद (आईआर ईरान) |
| फेयर प्ले अवार्ड | ताजिकिस्तान |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# ✂️ न्यूज़ इन शॉर्ट्स ⚡

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **फ्रांस के नए प्रधानमंत्री : सेबास्टियन लेकोर्नू**<br><br>■ फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने सेबास्टियन लेकोर्नू को देश के नए प्रधानमंत्री के रूप में नियुक्त किया।<br>■ लेकोर्नू फ्रांस के इतिहास में सबसे कम उम्र के रक्षा मंत्री रहे हैं।<br>■ लेकोर्नू ने 'येलो वेस्ट' आंदोलन के दौरान मैक्रों की 'ग्रेट डिबेट' पहल में अहम भूमिका निभाई थी। |
| 2. | **अभिमन्यु मिश्रा : शतरंज**<br><br>■ 16 वर्षीय अमेरिकी ग्रैंडमास्टर अभिमन्यु मिश्रा ने फिडेड स्विस, 2025 में विश्व चैंपियन डी गुकेश को हरा कर क्लासिकल शतरंज में मौजूद विश्व चैंपियन को हराने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं।<br>■ अभिमन्यु ने गाटा काम्स्की का 33 वर्ष पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया है। |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR